# "वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान" में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करें : रावत

## पूरे राज्य में 5 से 20 जून तक "वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान" चलेगा : जल संसाधन मंत्री

**बीकानेर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण एवं विद्यमान जल स्त्रोतों के रखरखाव एवं स्वच्छता हेतु 5 जून से 20 जून तक पूरे राज्य में चलने वाले "वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान" को जन आंदोलन बनाना है। रावत मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वंदे गंगा, जल संरक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर संभाग के चारों जिलों में तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया भी उपस्थित थे।



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अभियान को लेकर बीकानेर में अधिकारियों की बैठक ली।

जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि इस अभियान में सबका श्रम, सबकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कुएं, बावड़ी, तालाब, टांकों और वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की साफ-सफाई को लेकर जनप्रतिनिधियों के अलावा महिलाओं, युवाओं, किसानों, पत्रकारों, पुलिस, एनसीसी, सिविल डिफेंस, एनजीओ, विभिन्न सामाजिक संगठनों समेत सभी वर्गों को आमंत्रित करना है और इस अभियान से जोड़ना है ताकि हम वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण कर सकें। अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर रथ यात्रा, कलश यात्रा, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी समेत विभिन्न एक्टिविटी करवानी है।

जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी खालों की शत प्रतिशत डिसिल्टिंग का कार्य किया जाएगा। खालों की सफाई एक-दो दिन में नहीं हो सकती लिहाजा पूरे अभियान के दौरान ही खालों की सफाई चलेगी। प्रशासन इस प्रकार प्लान तैयार करें कि पटवारी और ग्राम पंचायत को भी इससे जोड़ें और मनरेगा से भी इनकी सफाई करवाना सुनिश्चित करें। रावत ने कहा कि बारिश के दिनों में जिन क्षेत्रों में पानी भरा रहता है उनको चिन्हित कर उनका समाधान भी निकाला जाए। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव में जल संरक्षण को लेकर कोई ना कोई एक्टिविटी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को लेकर कोई पुराना तालाब इत्यादि बना है तो वहां उस तालाब की जानकारी देने वाला बोर्ड भी लगाया जाए।

इससे पूर्व अभियान को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता गोविंद सिंह राठौड़ ने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिले में 17 लाख पौधे वितरित किए जाएंगे और 13 लाख पौधे वन विभाग के द्वारा लगाए जाएंगे। बीकानेर संभाग स्तर पर यह आंकड़ा 59 लाख पौधे आमजन को वितरित करने और 22 लाख पौधे वन विभाग द्वारा लगाने का है। जल संसाधन मंत्री ने सभी पौधों की जिओ टैगिंग करवाने, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करवाने और हर छह महीने बाद उनकी जानकारी लेने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर राकेश कुमार, अतिरिक्त चीफ इंजीनियर मनोज मांझू, भूपेन्द्र सिंह यादव, एसई सुनील कटारिया समेत विभिन्न संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

■ अभियान की तैयारियों को लेकर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बैठक ली

# राजलदेसर कस्बे में बारिश होने से कई जगह पानी भरा



राजलदेसर कस्बे में हुई बरसात से कई जगह पर जलभराव हो गया।

राजलदेसर, (निसं)। राजलदेसर कस्बे के अंदर चार रोज पहले आई बारिश के पानी की अभी तक निकासी नहीं हुई फिर से मंगलवार प्रात: 6 बजे से लेकर 8 बजे तक 2 घंटे तक तेज बारिश होने के कारण कई जगह पानी भर गया। मानसून पूर्व तेज बरसात ने नगर पालिका प्रशासन की पोल खोल दी।

■ मानसून पूर्व तेज बरसात ने नगर पालिका प्रशासन की पोल खोली

राजलदेसर कस्बे के मुख्य मार्ग सुभाष चौक, गांधी चौक, हॉस्पिटल रोड, फ्रेंड्स सोसायटी मार्ग, महेंद्र मुनी मार्ग, मुरलाई बास, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर मार्ग, अंजनी माता मंदिर मार्ग, रेलवे फाटक के पास आदि जगह पर बरसाती पानी ही पानी नजर आ रहा था। वहीं पानी की निकासी कई जगह पर नहीं होने के कारण मोहल्लेवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, नौ दुपहिया वाहन बरामद

## पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है




प्रतापनगर थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने बढ़ती वाहन चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के पास से करीब नौ दुपहिया वाहन भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से गहनता से पुछताछ कर रही है जिसमें ओर भी खुलासों की संभावना है।

प्रतापनगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि संजय कॉलोनी निवासी प्रहलादराय गठयानी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि टेक्सटाइल मार्केट से उसकी एक्टिवा अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस पर एक टीम का गठन किया गया, जिसने सीसीटीवी फुटेज और भरसक प्रयास करके आरोपी रेण नन्दराय निवासी राधेश्याम बैरवा को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर दो एक्टिवा सहित नौ दुपहिया वाहन बरामद किए।

# जेवर चुराने वाले आरोपी सहित माल खरीदने वाला भी गिरफ्तार

## 12 मार्च को पीड़ित ने जोबनेर थाने में रिपोर्ट दी थी

**सांभरझील,** (निसं)। जोबनेर थाना अधिकारी सुहेल खान ने आभूषण चुराने वाले आरोपी सहित चोरी का माल खरीदने वाले स्वर्णकार को भी गिरफ्तार कर उनसे खरीदे गये माल की कीमत के आधार पर उतनी नगदी बरामद की, क्योंकि उसने खरीदे गए सभी आभूषणों को गला दिया था। पुलिस मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

बताया गया कि 12 मार्च को पीड़ित की ओर से जोबनेर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी, जिसमें बताया गया था कि कुमावतों की ढाणी, बेनिया का बास, हिंगोनिया में मेरे घर पर सोने का सामान हार, टीका, नथ, टोपिस, मंगलसूत्र, जोल्या, कांटा, पायजेब, कमरबंद, चूड़ा, ब्रासलेट, अंगूठी कोई चुरा कर ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

जानकारी के अनुसार प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु पुलिस गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा चोरी की वारदात करने वाले आरोपी रामावतार कुमावत उर्फ रामू निवासी बाघावास थाना रेनवाल जिला जयपुर को को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

आरोपी ने सोने के आभूषण चुराने की बात कबूल की तथा चोरी किया गया माल किशनलाल सोनी निवासी बागावास थाना रेनवाल को बेच दिए जाने की बात बताई। इस पर पुलिस टीम द्वारा चोरी किये गये सोने के आभूषण खरीदने वाले आरोपी किशनलाल सोनी को डिटेन कर पूछताछ की तो चोरी का माल खरीदना स्वीकार किया तथा उक्त आभूषणों को गला देना बताया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से सोने के आभूषणों की कीमत के 1 लाख 40 हजार रूपये है।

थाना अधिकारी सुहेल खान ने बताया कि आरोपी से आगामी अनुसंधान हेतु न्यायालय से पुलिस कस्टडी में लिया गया है।

# आईआईटीज में 420 सीटें बढ़ाई

**कोटा,** (निसं)। जेईई-एडवांस्ड का रिजल्ट जारी होने के बाद अब काउंसलिंग प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। इस काउंसलिंग के माध्यम से देश की 23 आईआईटीज, 31 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी, 47 जीएफटीआई में एडमिशन होंगे। इसके साथ ही आईआईटीज की सीट मैट्रिक्स भी जारी हो गई। काउंसलिंग के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या के अनुसार इस वर्ष देश की 23 आईआईटीज में 420 सीटें बढ़ी है। गत वर्ष तक आईआईटीज में 17740 सीटें होती थीं जो कि बढ़कर 18160 हो गई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि आईआईटी खड़गपुर में अब 1899 से बढ़कर 1919 यानी 20 सीटें बढ़ाई गई हैं। आईआईटी दिल्ली में 1209 से 1239 सीटें हो गई हैं, यहां 30 सीटें बढ़ी हैं। वहीं आईएसएम धनबाद में 85 सीटें बढ़ी हैं, 1125 से से अब 1210 सीटें हो गई है। आईआईटी जोधपुर में 600 से 610 सीटें हो गई हैं, आईआईटी हैदराबाद में 595 से 630 सीट्स हो गई है। यहां 35 सीट्स बढ़ाई गई है। सबसे अधिक आईआईटी रोपड़ में 216 सीटें बढ़ी हैं। आईआईटी भिलाई में 46 सीटें बढ़ी है। आईआईटी जम्मू में 280 से 25 सीट्स बढ़कर 305 हो गई है। वहीं आईआईटी गोवा में 157 से बढ़ कर 165 सीट्स हो गई है। इसी तरह देश की कुछ आईआईटीज में सीटें घटाई गई है, जिसमें आईआईटी मुम्बई में 8, मद्रास में 7, गांधीनगर में 40 सीटें घटी है।

■ देश की कुछ आईआईटीज में सीटें घटाई गई है

# लोको पायलट ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके में रेलवे में लोको पायलट के पद पर कार्यरत रेलवे कर्मचारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मामले में सामने आया कि लॉको पायलट अजय गुप्ता (52) ने अपनी पत्नी को कमरे में बंद कर दूसरे कमरे में जाकर सुसाइड कर लिया। पत्नी के चिल्लाने के शोर सुनकर पड़ौसी घर में आये और गेट खोलकर फांसी के फंदे पर लटके लोको पायलट को नीचे उतारकर उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि विधा विहार कॉलोनी निवासी रेलवे में लॉको पायलट के पद पर कार्यरत अजय गुप्ता ने सोमवार शाम को जब घर में पति-पत्नी थे उस समय कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध बजरी खनन व परिवहन मामले में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले की बौंली पुलिस ने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की है एवं दो लोडरों को उनके चालक भगाकर ले गए एवं ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक भी फरार हो गये जिन्हें नामजद करते हुए बौंली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता को सूचना मिली कि हथडोली व सहरावता के पास बनास नदी में रोजाना शाम होते ही पुलिस की रैकी करते हुए कुछ लोग लोडरों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों को भरकर अवैध बजरी खनन व परिवहन करते हैं जो आज भी नदी में लोडरों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को भरा जा रहा है। सूचना पाकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस-वे सहित तीन अलग-अलग टीमों का चयन कर हथडोली व सहरावता नदी के तीनों तरफ से घेराबंदी की गई एवं एक टीम द्वारा दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के नीचे रस्सीयों की सहायता से उतरकर बनास नदी में दबिश दी। मौके पर लोडर अवैध बजरी खनन कर सात-आठ ट्रैक्टर ट्रॉलियां में बजरी भर रहे थे जो पुलिस टीम को देखकर इधर-उधर भागने लगे। पुलिस टीमों द्वारा नदी से एक दो किलोमीटर तक लगातार पीछा करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जप्त किया, जिसके चालक मौके से फरार हो गए एवं दो लोडरों को उनके चालक नदी में होते हुए भगाकर ले गए, लोडरो के बारे में जानकारी करने पर एक लोडर जगदीश मीणा निवासी सहरावता व दूसरा कमल मीणा निवासी सहरावता का होना सामने आया है। बौंली पुलिस थाने में सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों, लोडरों व चालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर चालकों की तलाश जारी है।

■ दो लोडरों को चालक भगा ले गए एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक फरार हुये

# अजमेर में ख्वाजा साहब की महाना छठी मनाई

अजमेर, (कासं)। इस्लामी केलेण्डर का आखरी महीना 6 जिल् हिज्ज को दरगाह में हजरत ख्वाजा सैयद मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के आहता ए नूर में महाना छठी शरीफ मनाई, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए।

महाना छठी शरीफ से पहले खादिम समुदाय के दो नोजवान डॉ. सैयद रागिब चिश्ती व डॉ. सैयद मज़ाहिर हुसैन चिश्ती ने विधि में पीएचडी की उनकी अंजुमन सैयदजादगान के अध्यक्ष अलहाज सैयद गुलाम किबरिया ने हौंसला अफज़ाई करते हुए उनकी दस्तारबंदी और शॉल ओढ़ाया गया। इस मौके पर अंजुमन सैयदजादगान खुद्दाम ए ख्वाजा के अध्यक्ष सैयद गुलाम किबरिया साहब ने कहा कि हर नौजवान इल्म हासिल करें और अपने समाज व भारत का नाम रोशन करें। इस प्रोग्राम में सैयद गफ्फार हुसैन काज़मी, हाजी सैयद एहतेशाम अहमद चिश्ती, अंजुमन सदस्य और सैयद मोहम्मद जहूर बाबा, हाजी सैयद मोहम्मद मुसव्विर चिश्ती सहित खुद्दामे ख्वाजा मौजूद रहे।

# लूट की वारदात का खुलासा, आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया

**ब्यावर,** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी वृत्त मसूदा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना बदनौर मय टीम ने थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का 24 घण्टे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट का सम्पूर्ण माल मय घटना में प्रयुक्त वाहन कार, मिर्ची पाउडर, चाकू, तलवार व फर्जी नम्बर प्लेट जब्त की है।

जानकारी के अनुसार एक जून को प्रार्थी रमेश सिंह रावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 31 मई को सांय करीब सात बजे वो अपनी दुकान से निवृत होकर मोटरसाइकिल पर वापस अपने घर जा रहा था। मेरे पास बैग के अन्दर करीब तीन किलो चांदी के आभूषण व करीब एक लाख रूपये रोकड थे। सबल सागर के पास चम्बल परियोजना के प्लांट के पास रास्ते में एक सफेद रंग की कार में 2-3 अज्ञात व्यक्ति आये और मेरी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया और तलवार लेकर मुझे डराया धमकाया और आभुषणों व रूपयों से भरा बैग लूटकर ले गये।



पुलिस ने लूट की वारदात का 24 घण्टे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

प्रकरण दर्ज कर घटना की गम्भीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को मय कार के डिटेन किया गया। पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त वारदात को करना स्वीकार करने पर हीरा सिंह उर्फ बंटी पुत्र लक्ष्मण सिंह रावत, निवासी गालिया, थाना जवाजा, कैलाश सिंह पुत्र नारायण सिंह, रावत निवासी नन्दावट थाना भीम को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ व जांच जारी है।

■ वारदात में प्रयुक्त कार, मिर्ची पाउडर, चाकू, तलवार व फर्जी नम्बर प्लेट जब्त की

■ आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है पुलिस

# संस्था प्रधान एवं शिक्षकों के लिए परीक्षा परिणाम संबंधी मानदंड निर्धारित

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा परीक्षा परिणाम की समीक्षा के मानदंड के संबंध मे नया परिपत्र जारी किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि पूर्व में 18 अप्रैल 2016 के परिपत्र द्वारा परीक्षा परिणाम की समीक्षा के मानदंड संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। उक्त परिपत्र के अतिक्रमण में नए प्रावधान एवं आवश्यकताओं को सम्मिलित कर अद्यतन करते हुए उच्च माध्यमिक, उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों के संस्थान प्रधानों एवं शिक्षकों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 से प्रभावी होने वाले मानदण्डों के संबंध में गत 27 मई को नया परिपत्र प्रसारित किया गया है। इसमें संस्था प्रधान और शिक्षकों के लिए विभिन्न मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

मोदी ने बताया कि विद्यालय का कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक तथा कक्षा 5वीं और 8वीं में 90 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त करने पर संस्था प्रधान को विभाग द्वारा श्रेष्ठ विद्यालय का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। श्रेष्ठ परिणाम के लिए न्यूनतम दस विद्यार्थियों का नामांकन होने पर ही विचार किया जाएगा। यदि विद्यालय में किसी भी एक परीक्षा (कक्षा पांच, आठ, दस और बारह) में परिणाम मानदण्ड से न्यून रहता है, तो संस्था प्रधान को प्रमाण पत्र नहीं किया जाएगा।

शिक्षा निदेशक ने बताया कि विद्यालय का कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत अथवा न्यून एवं 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत अथवा उससे न्यून रहने तथा कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम में 50 प्रतिशत या अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ई' ग्रेड प्राप्त करने पर संस्था प्रधान के परीक्षा परिणाम को न्यून माना जाएगा। संस्था प्रधान के रूप में गत पांच वर्ष में (आलोच्य वर्ष सहित) परीक्षा परिणाम एक बार मानदंड से न्यून रहने पर लिखित चेतावनी दी जाएगी तथा स्थान परिवर्तन किया जा सकेगा। आलोच्य वर्ष सहित लगातार दो वर्ष अथवा गत पांच वर्ष में से किन्हीं 3 वर्ष का परीक्षा परिणाम मानदंड से न्यून रहने पर सीसीए नियम-17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

■ माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने नया परिपत्र जारी किया

मोदी ने बताया कि शिक्षक का कक्षा 12वीं एवं 10वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का बोर्ड परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक रहने तथा कक्षा 5वीं और 8वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत या अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त करने पर संबंधित शिक्षक को विभाग द्वारा श्रेष्ठ परिणाम का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। श्रेष्ठ परिणाम के लिए न्यूनतम दस विद्यार्थियों का नामांकन होने पर ही विचार किया जाएगा। यदि विद्यालय में किसी भी एक परीक्षा (कक्षा पांच, आठ, दस और बारह) में परिणाम मानदंड से न्यून रहता है तो शिक्षक को परीक्षा परिणाम के लिए प्रणाम पत्र नहीं दिया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षक का कक्षा 12वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का बोर्ड परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत अथवा न्यून एवं कक्षा 10वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का बोर्ड परिणाम 60 प्रतिशत अथवा न्यून रहने पर एवं कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं में अध्यापक (लेवल-प्रथम अथवा लेवल-द्वितीय जो निधारित हो) के कक्षा/विषय के परीक्षा परिणाम में 40 प्रतिशत अथवा अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ई' ग्रेड प्राप्त करने पर संबंधित शिक्षक के परीक्षा परिणाम को न्यून माना जाएगा।

मोदी ने बताया कि शिक्षक के रूप में गत पांच वर्षों (आलोच्य वर्ष सहित) में परीक्षा परिणाम एक बार मानदंड से न्यून रहने पर लिखित चेतावनी दी जाएगी तथा स्थान परिवर्तन किया जा सकेगा। आलोच्य वर्ष सहित लगातार दो वर्षों अथवा गत पांच में से कोई 3 वर्ष का परीक्षा परिणाम मानदंड से न्यून रहने पर सीसीए नियम-17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

# दिनदहाड़े महिला को झांसा देकर जेवरात ले भागे बदमाश

**अजमेर,** (कासं)। शहर में सक्रिय शातिर ठग गिरोह ने आदर्श नगर थाना क्षेत्र में महिला के डेढ़ तोला गहने उतरवाने का मामला सामने आया है। दो शातिर ठगों ने महिला को बातों में उलझाया और वारदात अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने आदर्श नगर थाने में इसकी शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आदर्श नगर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पालरा निवासी मदीना पत्नी शरीफ ने थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता शरीफ ने बताया कि वह घर से मजदूरी पर जा रही थी। आदर्श नगर पुलिया के नीचे दो बदमाश पीछे पड़ गए। एक ने दूसरे का भूखा होने और उसे खाना खिलाने को लेकर बातों में उलझाने लग गया। इस बीच बदमाशों ने उसे एक बंडल में पैसे होने का झांसा भी दिया। बाद में दोनों बदमाश महिला को मंदिर के बाहर बेसुध कर डेढ़ तोला गहने उतरवा लिए और हाथों में कागज का बंडल पकड़वा दिया।



ठगी की शिकार हुई पीड़ित महिला।

महिला ने बताया कि बार-बार अपने साथी को भूखा बताकर रोटी खिलाने की बात पर झांसा देते रहे। महिला ने बताया कि उसने 26 साल से मजदूरी कर अपने बच्चों को पाल रही है। इसकी शिकायत उन्होंने आदर्श नगर थाने में दी है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया है।